प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 20 करोड़ से अधिक के गबन की जांच की शुरू, रूपये के गबन में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता आई सामने।
- रांची के नामकुम में आज से दो दिवसीय वायु सेना का एयर शो होगा शुरू, आसमान में सजेगा तिरंगा, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह होंगे शामिल।
- जेईई मेंस सेशन–2 का परिणाम जारी, आर्यन मिश्रा बने झारखंड टॉपर, 24 अभ्यर्थी को मिला 100 परसेंटाइल।
- मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान, 22 अप्रैल तक बारिश का यलो अलर्ट।
- झारखंड के साकेत मिंज ने सऊदी अरबिया में आयोजित 6वीं एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप में जीता रजत पदक।

*****************

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 20 करोड़ रुपये से अधिक के गबन से जुड़े मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुरू कर दी है। एसीबी ने सरकार के निर्देश पर सदर थाने में दर्ज केस को टेकओवर किया है। बता दें कि रांची के डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने एसीबी जांच की अनुशंसा की थी। इस मामले में बड़े पैमाने पर सरकारी धन की हेराफेरी में सरकारी कर्मियों की संलिप्तता सामने आयी है।

*****************

रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में आज भारतीय वायु सेना का एयर शो शुरू होने जा रहा है। यह दो दिनों तक चलेगा। खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम हवा में अटखेलियां करती दिखेंगी। सुबह नौ बजकर 45 मिनट से 10 बजकर पैंतालीस मिनट तक नौ हॉक जेट विमानों का शो होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एयरचीफ मार्शल एपी सिंह विशेष विमान से कल रांची पहुंचे। स्थल में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि यह शो निःशुल्क है और इसे देखने के लिए सभी आमंत्रित हैं।

एयर शो को लेकर कार्यक्रम स्थल आर्मी ग्राउंड में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्थ होगी। डीआईजी–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के साथ–साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रतिनियुक्ति की गई है। टीम की कमेंटेटर और प्रशासक कंवल संधू ने बताया कि लोग रांची के आसमान में विमान से तिरंगे को लहराते देख सकेंगे।

*****************

जेईई मेंस सेशन–2 का परिणाम जारी कर दिया गया है। साथ ही जेईई एडवांस के लिए कटऑफ भी जारी कर दिया गया है। इसमें झारखंड के आर्यन मिश्रा 99 दशमलव 99 परसेंटाइल के साथ स्टेट टॉपर बने। देशभर में 24 परीक्षार्थियों को 100 परसेंटाइल प्राप्त हुए हैं।

*****************

पीएम मुद्रा योजना हजारीबाग जिले में बेरोजगार और छोटे व्यवसायियों के लिए वरदान साबित हो रही है।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने कल सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। हालांकि इस हमले में किसी भी जवान को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं। यह विस्फोट बरकेला कैंप से करीब चार किलोमीटर दूर एक पुलिया के पास हुआ, जब जवान घायल साथी को इलाज के लिए ओडिशा के बिरसा स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक और उर्जा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आज से स्पेन दौरे पर हैं। झारखंड का प्रतिनिधिमंडल आज स्पेन और स्वीडन में औद्योगिक समूहों से बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और बीटूबी बैठकें स्पैनिश कंपनियों को झारखंड के औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक–निजी सहयोग की जानकारी देंगी।

*****************

रिम्स की स्त्री एवं प्रसूती विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर शशिबाला सिंह को रिम्स के प्रभारी निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अपना योगदान दे दिया है। निदेशक की जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेवारी ष्ठिापूर्वक निभाएंगी।

*****************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में आंधी–तूफान के साथ बारिश हो सकती है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यहां हवाएं चल सकती हैं। वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. आज उत्तर पश्चिमी भागों को छोड़कर अन्य भागों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। गरज के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

केंद्रीय खेल मंत्री से पारा थ्रो बॉल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। मंत्री ने पारा खेल की जानकारी ली , पारा थ्रो बॉल एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त करने के लिए दोनों वर्ग के मुकेश कंचन, सनोज महतो, पवन लकड़ा, मुकेश कुमार, राजेश मेहता, महिमा उरांव, अनीता तिर्की, पुष्पा मिंज, तारामणि लकड़ा, प्रतिमा तिर्की, असुंता टोप्पो, संजुक्ता एक्का इन सभी एशियन खिलाड़ी को केंद्रीय मंत्री ने बधाई दी।

झारखंड के साकेत मिंज ने सऊदी अरब में आयोजित 6ठी एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप में रजत पदक जीता है।

*****************

रांची में आगामी 27 अप्रैल को आत्म प्रकाश योग केन्द्र की ओर से हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा। मैराथन की शुरुआत बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोराबादी ग्राउंड से होगी। मैराथन संयोजक आत्म प्रकाश योग केन्द्र के संस्थापक योगगुरु शशि भूषण कुमार ने दी।

*****************

भारत के वीर चोटरानी, अनहत सिंह और आकांक्षा सालुंखे विश्व स्कॉवेश चैम्पियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। कुआलालंपुर में कल पुरुष क्वार्टर फाइनल में चोटरानी ने मलेशिया के मोहम्मद सयाफिक कमाल को हराया। महिला क्वार्टर फाइनल में अनहत ने जापान की अकारी मिडोरिकावा को हराया। सेमीफाइनल में आज अनहत का मुकाबला हांगकांग की हेलेन टैंग से होगा। आकांक्षा सालुंखे ने भी सिंगापुर की वाई यहन औ यियोंग को 11–0, 11–3, 11–3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट के विजेता अगले महीने 9 से 17 मई तक शिकागो में होने वाली विश्व चौंपियनशिप में खेलेंगे।

*****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने पेयजल विभाग में हुए बीस करोड़ से अधिक के गबन मामले की जांच एसीबी ने शुरू की, खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और हिंदुस्तान ने लिखा है–पेयजल घोटाला, एसीबी ने केस किया टकओवर, शुरू हुई जांच

साथ ही एयर चीफ मार्शल के रांची आगमन की खबर को भी प्रमुख्ता दी गई है।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्पेन आगमन की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने जेईई मेन के रिजल्ट को लीड बनाया है।

वहीं हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी व्यवसायी एलन मस्क के बीच द्विपक्षीय वार्ता को सुर्खी बनाई है।

********* समाप्त *********